राज्यपाल सचिवालय

लोकभवन, राजस्थान

राज्यपाल ने कहा कि ताइक्वांडो आत्मविश्वास बढ़ाने से जुड़ा खेल

राज्यपाल श्री बागडे ने द्वितीय ताइक्वांडो फेडरेशन कप 2026 के डेमो मैच का शुभारम्भ किया

जयपुर, 21 जनवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने बुधवार को एसएमएस स्टेडियम में "द्वितीय ताइक्वांडो फेडरेशन कप 2026" के डेमो मैच का शुभारम्भ किया।

राज्यपाल ने इस दौरान कहा कि दक्षिण कोरिया से निकला ताइक्वांडो आज एक वैश्विक मार्शल आर्ट और ओलंपिक खेल बन गया है। उन्होंने कहा कि यह आत्मविश्वास बढ़ाने से जुड़ा खेल है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारतीय खिलाड़ी वैश्विक प्रतियोगिताओं में उम्दा प्रदर्शन कर भारत का नाम रोशन करेंगे।

श्री बागडे ने ताइक्वांडो को चपलता से जुड़ा खेल बताते हुए कहा कि इसमें जो पहल कर वार करता है, वही सफल होता है। उन्होंने देश के विभिन्न प्रांतों के खिलाड़ियों से संवाद कर उनकी हौसला अफजाही की। उन्होंने आह्वान किया कि इस खेल के लिए चयनित खिलाडी अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम गौरवान्वित करें।

राज्यपाल ने कहा कि खेलों में हार–जीत नहीं होती। खेल को खेल भावना से खेला जाता है तभी वह जीवन में उजास लाता है।

3RD KIDS CHAMPION OF CHAMPIONS &
OPEN SELECTION TRIALS FOR 20TH ASIAN GAMES
(KYORUGI & POOMSAE)
KPNP

2ND FEDERATIO
3RD KIDS CHAMPIO
OPEN SELECTION TRIAL
18TH TO 23RD JANUARY, 2026

WORLD TAEKWONDO
INDIA
2ND FEDERATION CUP 2025-26
3RD KIDS CHAMPION OF CHAMPIONS &
OPEN SELECTION TRIALS FOR 20TH ASIAN GAMES
(KYORUGI & POOMSAE)
18TH TO 23RD JANUARY, 2026
KHELO INDIA
2ND FEDERATION CUP 2025-26
3RD KIDS CHAMPION OF CHAMPIONS &
OPEN SELECTION TRIALS FOR 20TH ASIAN GAMES
18TH TO 23RD JANUARY, 2026
SMS STADIUM, JAIPUR, RAJASTHAN